दाती के नाम ले जा

ओ द्वारे जाने वाले मेरा पैगाम ले जा रे
दाती के नाम ले जा आंबे के नाम ले जा

कब दूर होंगे रंजो गम
कब होगा मुझपे माँ कर्म इक बार तो बुला ले जीवन तेरे हवाले माँ
विनती मेरी सुनाना दुखड़े तमाम लेजा रे
दाती के नाम ले जा आंबे के नाम ले जा

बेचैन है निगाहें और सर्द लव पे आहे,
या मुझको तू बुलाले या दर्श तू दिखा दे
आशा के फूल लेके मैया के धाम ले जा रे
दाती के नाम ले जा आंबे के नाम ले जा

तेरे बिना भवानी कैसे मैं जी रहा हु
ले ले के नाम तेरा जख्मो को सी रहा हु
ज्योत जगाए बैठा मेरा परनाम लेजा रे
दाती के नाम ले जा आंबे के नाम ले जा

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21758/title/dati-ke-naam-le-ja

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |